# समाचार

# दर्री क्षेत्र के वार्डो में 2 करोड रू. के नये विकास कार्य प्रारंभ ( महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने किया 14 नये विकास कार्यो का भूमिपूजन )

कोरबा 25 सितम्बर 2013 –नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत स्थित विभिन्न वार्डो में आज 2 करोड रूपये की लागत वाले 14 नये विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने विभिन्न वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी विकास कार्यो का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया।

निगम द्वारा वार्ड क्र. 43 में 52 लाख 86 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 37 में 26 लाख 60 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 38 में 24 लाख 02 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 39 में 19 लाख 18 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 40 में 16 लाख 67 हजार रूपये की लागत से, वार्ड क्र. 35 में 5 लाख रूपये की लागत से एवं वार्ड क्र. 36 में 3 लाख रूपये की लागत से नये विकास कार्य किये जाने हैं, जिनका भूमिपूजन एवं शुभारंभ महापौर श्री लाम्बा द्वारा किया गया। विभिन्न वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने कहा कि विभिन्न वार्डो में भ्रमण के दौरान वार्डवासियों द्वारा की गई मांग तथा यहां की आवश्यकता के अनुसार इन विकास कार्यो का आज शुभारंभ किया गया है, उन्होने कहा कि विगत पौने 4 साल के कार्यकाल में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में जनता जनार्दन की इच्छा उनकी मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्यो को दिशा एवं गति दी गई है तथा वार्डो की लगभग सभी बड़ी समस्याओं का निराकरण कर आमजन की आवश्यकताओं की पूर्ति की गई है, उन्होने कहा कि विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो के साथ–साथ संपूर्ण विद्युतीकरण योजना के तहत निगम क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले, बस्ती एवं पारें में बिजली सुविधा पहुंचाने की योजना को निगम द्वारा मूर्त रूप दिया जा रहा है तथा अभी तक 14 वार्डो में संपूर्ण विद्युतीकरण का कार्य किया जा चुका है। उन्होने कहा कि निगम के प्रत्येक घर में बिजली की सुविधा पहुंचा दी जाए यह प्रमुख लक्ष्य रखा गया है, कार्यक्रम के दौरान महापौर श्री लाम्बा ने वार्ड क्र. 38 में स्थित तालाब में कलवर्ट निर्माण एवं आंगनबाड़ी भवन का निर्माण तथा वहां पर स्थित स्कूल में बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने संबंधी कार्य किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार वार्ड क्र. 43 में स्थित मुक्तिधाम में शेड निर्माण व तालाब की सड़क का निर्माण के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

दी शासकीय योजनाओं की जानकारी–आज सम्पन्न विभिन्न भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान भारी संख्या में उपस्थित नागरिकों को महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा क्रियान्वित की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह जी ने अपने साढ़े 09 वर्षो के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य तथा प्रदेश के नागरिकों के हित में ऐतिहासिक रूप से योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाखों लोगों तक इनका लाभ पहुंचाया है, उन्होने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद, कृषि, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में लिये गये ऐतिहासिक निर्णयों के साथ–साथ गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा, छात्र–छात्रा, वृद्ध, असहाय तथा समाज के सभी वर्गो के हित में दर्जनों योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

**इन विकास कार्यो का हुआ शुभारंभ**– 52 लाख 86 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 43 अंतर्गत अगारखार में सी.सी. रोड निर्माण कार्य, 16 लाख 67 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 40

लारीपारा इंदिरा नगर में सी.सी.रोड निर्माण कार्य, 14 लाख 38 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 38 रामनगर में शेड के सामने पण्डाल का निर्माण कार्य, 12 लाख 60 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 37 अंतर्गत रामनगर में सार्वजनिक पण्डाल का निर्माण कार्य, 9 लाख 77 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 39 गोपालपुर में रवि सारथी घर के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य, 7 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 37 कैलाश विहार में स्थित तालाब के समीप अहाता निर्माण कार्य, 5 लाख 89 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 38 स्याहीमुड़ी (रामनगर) में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य, 5 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 35 अंतर्गत राजीव नगर में शेड निर्माण कार्य, 5 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 37 कैलाश विहार में स्थित तालाब के समीप शेड निर्माण कार्य, 5 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 39 अंतर्गत डुमरमुड़ा में शेड निर्माण कार्य, 4 लाख 41 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 39 अयोध्यापुरी नवधा पण्डाल में ग्रील लगाने का कार्य, 3 लाख 75 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 38 रामनगर में सी.सी. पेविंग का कार्य, 3 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 36 में सर्वमंगला वनवासी कन्या छात्रावास में हाल निर्माण कार्य एवं 2 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 37 कैलाश विहार में बस स्टाप का निर्माण कार्य आदि कार्य शामिल हैं।

इस अवसर अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य राधा महंत, बुधवारसाय यादव, पार्षद सुनिल पटेल, शांति साहू, रमेश चंद्र पाण्डेय, धुरपाल सिंह कंवर, छत्रपाल सिंह, हरीश राजवाड़े, एल्डरमेन नीरज शर्मा, पूर्व एल्डरमेन तुलसी ठाकुर, पूर्व पार्षद मनोज अग्रवाल, फिरतराम साहू, बंधन सिंह एवं देवेश थवाईत, वरिष्ठ नागरिक दत्तात्रेय माहुलिकर, अनिल द्विवेदी, रमेश पिल्लई, प्रदीप मिश्रा, गौरेलाल शार्म, एस.एस. गांधी, सियाराम श्रीवास, भरत सिंह कंवर, जमाल खान, छतलाल राठौर, निगम के कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, सहायक अभियता अखिलेश शुक्ला, उप अभियंता यशंवत जोगी एवं छबिलाल उरांव, लल्लू सिंह कंवर, रवि सारथी, राजेश राठौर, राजकुमारी राठौर, पूर्णिमा गभेल, सुमन तिवारी, लता तिवारी, रानी नायर, बिमला साहू, मनोहर सिंह कंवर, गुलाब सिंह कंवर, झामलाल भारिया, पवन भारिया, अजय यादव एवं महिला स्वसहायता समूह की पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)